CEO

प्रश्न सं. [ क्र. 1784 ]

# कार्यालय जिला पंचायत मंदसौर (म.प्र.)

मंदसौर,दिनांक 03 अप्रेल 2025

क्रमांक/स्टेनो /1177

प्रति,

अवर सचिव,
जन जातीय कार्य विभाग,
मध्य प्रदेश शासन,
मंत्रालय,भोपाल

विषय :– जिला संयोजक जनजातीय कार्य तथा विकास मंदसौर के विरूद्व निंदा प्रस्ताव पारित किये जानें के संबंध मे।

जिला पंचायत मंदसौर की साधारण सभा की बैठक दिनांक 12 मार्च 2025 को आहूत की गई थी,जिसमे सुश्री रेखा पांचाल,जिला संयोजक जनजातीय कार्य तथा विकास मंदसौर बैठक मे उपस्थित हुई। बैठक के दौरान मान.अध्यक्ष जिला पंचायत मंदसौर द्वारा बताया की शासकीय महाविद्यालय के बालक छात्रावास मे हो रही अनियमितता की शिकायत प्राप्त होने पर दूरभाष पर जानकारी चाही गई थी, दूरभाष पर हुई चर्चा के दौरान जिला संयोजक जन जातीय कार्य विभाग,मंदसौर द्वारा अभ्रद व्यवहार किया गया।

आयोंजित बैठक के दौरान शासकीय महाविद्यालय के बालक छात्रावास मे हो रही अनियमितता के संबंध मे जानकारी चाही गई तो बैठक मे उपस्थित सुश्री पांचाल द्वारा सदन की गरिमा भंग कर अशोभनीय भाषा का प्रयोग करते हुए सदन की गरिमा खत्म करने की कोशिश की गई जिससे सदन मे आक्रोश उत्पन्न हो गया,सुश्री पांचाल द्वारा किये गये कृत्य से सदन द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए इनके विरूद्व निंदा प्रस्ताव पारित किया जाकर,प्रस्ताव अवर सचिव,जनजातीय कार्य विभाग म.प्र. शासन भोपाल को भेजे का निर्णय लिया गया। (आयोजित बैठक का कार्यवाही विवरण संलग्न है)

उचित कार्यवाही हेतु आपकी ओर प्रेषित है।

संलग्न :– कार्यवाही विवरण की प्रति.

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत मंदसौर(म.प्र.)

पृष्ठा. क्रमांक /स्टेनो/2025/1178

मंदसौर,दिनांक 03 अप्रेल 2025

प्रतिलिपि :–
कलेक्टर,जिला मंदसौर की और सूचनार्थ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत मंदसौर(म.प्र.)

O/C

z.p.mtig.2022



Scanned with OKEN Scanner